JANUARY 26
रांची, रविवार
मूल्य : ₹ 3
रजिस्ट्रेशन : जे एच 11-0013425
Dailykhabar99.com

# डेली खबर99

सच्चाई का उजागर

26 January Republic Day

रांची | हजारीबाग | कोडरमा | चतरा| धनबाद | पटना | नई दिल्ली | पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

@Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99

# सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला: पति के साथ रहने से इनकार करने वाली पत्नी को भी देना होगा भरण-पोषण

## केवल इसलिए पत्नी को भरण-पोषण देने से इनकार करना अनुचित और अन्यायपूर्ण होगा क्योंकि उसने पति के साथ सहवास करने से इनकार कर दिया है.



**डिजिटल डेस्क - डेलीखबर 99**

**नई दिल्ली:** देश की उन महिलाओं के लिए राहत वाली खबर है, जो अलगाव की स्थिति में पति से आर्थिक मदद पाने की लड़ाई लड़ रही हैं. देश की सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि भरण-पोषण पत्नी का अधिकार है, चाहे वह पति के साथ न रह रही हो. कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि पति अपनी अलग रह रही पत्नी को भरण-पोषण देने से सिर्फ इस आधार पर इनकार नहीं कर सकता कि उसे वैवाहिक अधिकारों की बहाली का आदेश मिल चुका है. किस मुद्दे पर हो रही थी सुनवायीः भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की अगुवाई वाली पीठ ने 10 जनवरी को फैसला सुनाया. सर्वोच्च न्यायालय में इस सवाल पर सुनवायी की जा रही थी कि, "क्या एक पति, जो वैवाहिक अधिकारों की बहाली के लिए आदेश प्राप्त करता है, दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 125 (4) के आधार पर अपनी पत्नी को भरण-पोषण देने से मुक्त हो जाएगा, अगर उसकी पत्नी उक्त आदेश का पालन करने और वैवाहिक घर लौटने से इनकार करती है."? झारखंड हाईकोर्ट के फैसले को पलटाः पीठ ने झारखंड उच्च न्यायालय के अगस्त 2023 के फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें महिला को भरण-पोषण देने से इनकार कर दिया गया था. क्योंकि, वह महिला वैवाहिक अधिकारों की बहाली के आदेश के बावजूद अपने पति के साथ रहने नहीं आई. कोर्ट के पास यह तथ्य रखे गये थे कि पति लगातार अपनी पत्नी के साथ बुरा व्यवहार करता था. अदालत ने कहा कि उसके वापस न आने के अच्छे कारण थे. कोर्ट ने पति को निर्देश दिया कि वह अगस्त 2019 में आवेदन करने के दिन से भरण-पोषण का भुगतान करे. तलाकशुदा पत्नी को भी है भरण-पोषण पाने का अधिकारः दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा 2022 में दिए गए बबीता बनाम मुन्नाल लाल के फैसले का हवाला देते हुए, पीठ ने कहा कि वैवाहिक अधिकारों की बहाली के आदेश की मौजूदगी ही पत्नी को भरण-पोषण का दावा करने से वंचित करने के लिए अपर्याप्त है. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, "यह देखा गया कि तलाकशुदा पत्नी भी धारा 125 सीआरपीसी के तहत भरण-पोषण पाने की हकदार है और केवल इसलिए पत्नी को भरण-पोषण देने से इनकार करना अनुचित और अन्यायपूर्ण होगा क्योंकि उसने पति के साथ सहवास करने से इनकार कर दिया है, जबकि इसके लिए पर्याप्त आधार हैं." भरण-पोषण से इनकार का कठोर नियम नहीं हो सकताः सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि धारा 125 के तहत भरण-पोषण से इनकार करने वाला कोई कठोर नियम नहीं हो सकता है, जो उस पत्नी को दिया जाए जो अपने पति के पास लौटने से इनकार करती है और यह अनिवार्य रूप से प्रत्येक विशेष मामले में प्राप्त विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों पर निर्भर होना चाहिए. पीठ ने कहा, "किसी भी स्थिति में, पति द्वारा सुरक्षित वैवाहिक अधिकारों की बहाली के लिए एक डिक्री और पत्नी द्वारा उसका पालन न करना, उसके भरण-पोषण के अधिकार को समाप्त नहीं कर सकता." पहले के फैसले का दिया हवालाः पीठ ने कहा कि यह माना गया था कि धारा 125 सीआरपीसी सामाजिक न्याय का एक उपाय है. संविधान के अनुच्छेद 39 द्वारा सुदृढ़ किए गए अनुच्छेद 15(3) के संवैधानिक दायरे में आता है. न्यायालय ने कहा, "इस प्रकार, इस प्रावधान का उद्देश्य, तब और अब, निराश्रित पत्नियों, बच्चों और अब, माता-पिता की वित्तीय दुर्दशा को कम करना है, जिन्हें खुद की देखभाल करने के लिए छोड़ दिया गया है."

## झारखंड: 28 नवंबर को होगा हेमंत सोरेन का शपथ ग्रहण, राहुल गांधी और खड़गे होंगे शामिल



**डिजिटल डेस्क - डेलीखबर 99**

**नई दिल्ली:** झारखंड मुक्ति मोर्चा नीत गठबंधन ने झारखंड विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए सत्ता की चाबी अपने पास बरकरार रखी. नए मुख्यमंत्री के तौर पर हेमंत सोरेन का शपथ ग्रहण समारोह 28 नवंबर को होगा. खबर के मुताबिक, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जेएमएम नेता हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हो सकते हैं. वहीं, दूसरी तरफ गठबंधन सरकार में कांग्रेस को मिलने वाले चार मंत्री पद के लिए पैरवी भी तेज हो गई है. इसको लेकर कई नवनिर्वाचित विधायक दिल्ली में स्थित पार्टी मुख्यालय में डेरा डाले हुए हैं. पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, जेएमएम नेता हेमंत सोरेन मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में राहुल गांधी और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को अपने शपथ ग्रहण समारोह के लिए व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित करने आए थे. जानकारी के मुताबिक, झारखंड में कांग्रेस कोटे से कितने नेता मंत्री पद की शपथ लेंगे, इस पर भी चर्चा की उम्मीद जताई गई है. इस विषय पर झारखंड के एआईसीसी प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने ईटीवी भारत को बताया कि, हेमंत सोरेन राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित करने के लिए दिल्ली पहुंचे हैं. उन्होंने कहा कि, अगर समय रहा तो वे लोग शपथ ग्रहण में शामिल होंगे. उन्होंने आगे कहा कि, एक बार आयोजन का प्रारूप तय हो जाने के बाद शीर्ष आलाकमान कांग्रेस कोटे से मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देगा. उन्होंने जोर देते हुए कहा कि, झारखंड की जीत ने भाजपा की ध्रुवीकरण की राजनीति को हरा दिया है और देश को आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया है. पिछले पांच सालों में किए गए विकास और कल्याण कार्यों के कारण इंडिया ब्लॉक सरकार को फिर से सत्ता में आ रही है. गुलाम अहमद मीर ने कहा कि, झारखंड में एनडीए के खिलाफ इंडिया ब्लॉक की लगातार दूसरी बार शानदार जीत ऐसे समय में आई है जब गठबंधन को महाराष्ट्र में चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा है. उन्होंने कहा कि, इंडिया ब्लॉक ने न केवल दूसरा कार्यकाल जीता बल्कि 2019 में 47 सीटों से इस बार 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में अपनी सीटों की संख्या में सुधार किया. कांग्रेस ने 16 सीटें जीती हैं और तय फॉर्मूले के मुताबिक उसे 4 मंत्री पद मिलेंगे. कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, बन्ना गुप्ता, अजय कुमार, अंबा प्रसाद, बादल पत्रलेख और केएन त्रिपाठी समेत कई बड़े नेता चुनाव हार गए, जबकि कई नए चेहरे विधानसभा में पहुंचे और उन्हें कैबिनेट में जगह मिलने की उम्मीद है. पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि, पुराने चेहरों में दीपिका पांडे सिंह को शामिल किया जा सकता है, जिन्हें चुनाव से कुछ महीने पहले मंत्री बनाया गया था. मीर ने कहा कि, यह स्वाभाविक है कि विधायक मंत्री पद के लिए लॉबिंग करें, लेकिन इसका फैसला हाईकमान करेगा.

# पटना में झारखंड की छात्रा से रेप, बीमार होने का बहाना बनाकर घर बुलाया, आरोपी को ढूंढ रही पुलिस



डिजिटल डेस्क - डेलीखबर 99

**पटना:** बिहार की राजधानी पटना में छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है. उसके दोस्त ने ही पहले नशीला पदार्थ खिलाकर उसे बेहोश कर दिया, फिर बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया. घटना के बाद से आरोपी फरार है. वहीं, पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है. झारखंड की छात्रा के साथ दुष्कर्मः पीड़ित छात्रा झारखंड के गिरिडीह की रहने वाली है. 22 वर्षीय पीड़िता पटना के पत्रकार नगर थाना क्षेत्र में किसी निजी हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती है. पढ़ाई के दौरान ही आरोपी युवक से उसकी दोस्ती हुई थी. कई बार दोनों के बीच मुलाकात हुई थी. इसी बीच कुछ दिन पहले आरोपी ने उसे अपनी बीमारी के बहाने कमरे में बुलाया. लड़की जब उसके पास आई तो उसने धोखे से नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया. जब लड़की बेहोश हो गई, तब उसके साथ दुष्कर्म किया. नशीला पदार्थ खिलाकर किया बेहोशः पुलिस के मुताबिक पिछले साल पीड़िता की लड़के से दोस्ती हुई थी. पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसे अपने बीमार होने का हवाला देकर घर बुलाया था. जब वो आरोपी के घर पहुंची तो वो अकेला था. वहां उसने नशीला पदार्थ खिलाकर उसे बेहोश कर दिया और उसके साथ रेप किया. होश में आने के बाद किसी तरह वो अपने घर पहुची. पीड़िता की मानें तो आरोपी बार-बार उसे धमकी देता था और घर बुलाता था. छात्रा को बार-बार बुलाता था युवकः धमकी और ब्लैकमेलिंग के कारण मजबूरन वह कई बार युवक से मिलती रही. उसके साथ लगातार इस तरह की घिनौनी हरकत होने की वजह से उसकी तबीयत बिगड़ गई. जिसके बाद परिजनों ने उसे कंकड़बाग स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया. "बीमार बोलकर उसने मुझे अपने घर बुलाया था. जहां कुछ नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया और मेरे साथ गलत किया. उसने मुझे धमकी भी दी. जब वह बार-बार मेरे साथ जबर्दस्ती करने लगा तब मैं भागकर अपने के घर चली गई."- पीड़ित छात्रा आरोपी के खिलाफ केस दर्जः वहीं, पीड़ित छात्रा के बयान पर प्रियांशु सिंह राजपूत के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. आरोपी कंकड़बाग का रहने वाला बताया जा रहा है. हालांकि शिकायत दर्ज होने के बाद से आरोपी युवक फरार है. थाना प्रभारी नीरज ठाकुर ने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी का जा रही है. "झारखंड की रहने वाली एक छात्रा से दुष्कर्म करने का मामला संज्ञान में आया है. पीड़िता के बयान के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है. आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. फिलहाल युवक फरार है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा."- **नीरज ठाकुर, थाना प्रभारी, कंकड़बाग थाना**

# गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के अतिथियों से अमित शाह ने किया संवाद, बोले- दिलों को भी जोड़ रहा है कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने वायब्रेंट विलेज कार्यक्रम को सीमावर्ती गांवों के प्रति सरकार के रुख और सोच के बदलाव की शुरूआत बताया है। उनके अनुसार यह दुर्गम और सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले गांवों और दिल्ली के बीच दिल की दूरी समाप्त करने के साथ ही वहां के लोगों को भरोसा भी देता है कि वे भारत का ही हिस्सा हैं और पूरा भारत उनकी चिंता करता है। अमित शाह ने कहा कि पहले इन सीमावर्ती गांवों को देश का अंतिम गांव कहकर उपेक्षा करते थे, लेकिन मोदी सरकार ने इन्हें प्रथम गांव का दर्जा देकर विकास योजनाएं पहुंचाने का काम किया है।अमित शाह ने गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में भाग लेने आए वाइब्रेंट विलेज योजना के गांवों के लोगों से मुलाकात की और विकास योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू करने का भरोसा दिलाया। उनके अनुसार मोदी सरकार सीमावर्ती इलाकों की समस्याओं की पहचान कर उन्हें दूर करने का काम कर रही है। इस सिलसिले में उन्होंने लद्दाख में सर्दियों में नहीं जमने वाले डीजल और पेट्रोल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने का उदाहरण दिया।

# महिला ने पुलिस इंस्पेक्टर पर लगाया है मारपीट-दुष्कर्म का आरोप, कोर्ट ने कहा- सहमति से बने संबंध हिंसा का लाइसेंस नहीं



डिजिटल डेस्क - डेलीखबर 99

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने कहा है कि सहमति से बनाए गए संबंध मारपीट के लिए लाइसेंस नहीं देते हैं। यह मामला एक सेवारत सर्कल इंस्पेक्टर से जुड़ा है, जिस पर एक सामाजिक कार्यकर्ता ने मारपीट और धमकी सहित विभिन्न अपराधों का आरोप लगाया था। आरोप लगाने वाली महिला पुलिस कांस्टेबल की पत्नी भी है।

## कांस्टेबल की पत्नी ने लगाए आरोप

शिकायतकर्ता और आरोपित के बीच संबंध 2017 में शुरू हुआ, जब वह भद्रावती ग्रामीण पुलिस स्टेशन गई थी। मई 2021 में महिला ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि इंस्पेक्टर ने उसका शारीरिक और यौन उत्पीड़न किया।स्थिति तब और बिगड़ गई जब इंस्पेक्टर ने कथित तौर पर धमकी दी कि अगर महिला ने अपनी शिकायत वापस नहीं ली तो वह उसके बच्चों को नुकसान पहुंचा देगा। इसके परिणामस्वरूप भारतीय दंड संहिता की धारा 504 (शांति भंग करने के इरादे से अपमान) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत अतिरिक्त आरोप जोड़े गए।

## शिकायतकर्ता का अपहरण कर लिया

नवंबर 2021 में इंस्पेक्टर ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता का अपहरण कर लिया। वह उसे एक होटल में ले गया जहां, उसने उसके साथ मारपीट की और अगली सुबह उसे सागर बस स्टाप पर छोड़ दिया।महिला ने एक और शिकायत दर्ज की, जिसमें दुष्कर्म, अपहरण, गलत तरीके से बंधक बनाना, हत्या का प्रयास और मारपीट सहित विभिन्न आइपीसी धाराओं के तहत अपराध का आरोप लगाया। इंस्पेक्टर ने इन आरोपों का विरोध करते हुए दावा किया कि संबंध शुरू से ही सहमति से थे। उसने निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत संबंधित चेक बाउंस मामले में खुद को बरी किए जाने का हवाला दिया।

## बार-बार दुष्कर्म के आरोप को खारिज कर दिया

जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने रिश्ते में सहमति को स्वीकार करते हुए धारा 376 (2) (एन) के तहत बार-बार दुष्कर्म के आरोप को खारिज कर दिया, लेकिन हमले, धमकी और हत्या के प्रयास से संबंधित अन्य आरोपों को बरकरार रखा।

# Republic Day 2025: मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल ने किया झंडारोहण, 44 अधिकारियों-कर्मियों को किया सम्मानित



संवाददाता- रांची - डेलीखबर 99

**Republic Day 2025:** आज देशभर में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मोरहाबादी मैदान में किया झंडारोहण किया। राज्यपाल ने सशस्त्र बल संयुक्त परेड का निरीक्षण भी किया। उन्होंने दीपाटोली रांची स्थित झारखंड युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण कर वीर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि भी अर्पित की। झारखंड युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण कर वीर शहीदों को राज्यपाल ने दी श्रद्धांजलि। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उनकी सरकार राज्य के हर वर्ग के लिए संवेदनशील होकर काम कर रही है। राज्य सरकार ने हमेशा से सुशासन एवं न्याय के साथ विकास पर जोर दिया जा रहा है।

## नक्सलियों पर एक्शन

नक्सली अभियान में वर्ष 2024 में 248 नक्सली को गिरफ्तार किया गया, 24 ने आत्म समर्पण किया, वहीं नौ को मार गिराया गया। इस वर्ष राज्य में संगठित अपराध के कुल 154 संगठित गिरोह के अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें अलकायदा के भी 4 आतंकी शामिल हैं।

## सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की झांकी

झारखंड में कृषि कर्ज माफी योजना के तहत 1.82 लाख लाभुकों का 403 करोड़ का कर्ज माफ किया गया है। निवेशक प्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए स्वयं आगे आ रहे हैं। MSME इकाईयों के द्वारा राज्य में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन तथा राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए नई Jharkhand MSME Promotion Policy अधिसूचित की गयी है, जिसमें अधिकतम 40% तक अनुदान का प्रावधान किया गया है।दुमका के पुलिस लाइन मैदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज।

## परेड का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री मंईयां योजना का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार का यह कदम महिला कल्याण के प्रति उसकी गंभीरता को स्पष्ट रूप से परिलक्षित करता है। राज्यपाल संतोष गंगवार ने इस अवसर पर राज्य के 44 अधिकारियों-कर्मियों को पदकों से अलंकृत किया सराहनीय सेवा के लिए 23 अधिकारियों, कर्मियों को व वीरता के लिए मिले छह अधिकारियों-कर्मियों के पदक शामिल हैं। वहीं, 15 अधिकारियों-कर्मियों को केंद्रीय गृह मंत्री विशिष्ट आपरेशन पदक से सम्मानित किया गया

### इन्हें मिलें पदक सराहनीय सेवा पदक (15 अगस्त 2023 को घोषित)

प्रभात कुमार (आइजी विशेष शाखा), दारोगा साक्षर सुरेंद्र कुमार सिंह (जैप-6 जमशेदपुर), एएसआइ आपरेटर मनोरंजन कुमार सिंह (संचार एवं तकनीकी सेवाएं), हवलदार हेमंत कुमार बैठा (जैप-2 टाटीसिल्वे), हवलदार सिकंदर राय (झारखंड जगुआर), हवलदार जलहा उरांव (खूंटी)। हवलदारा नाजिर हुसैन (जैप-6 जमशेदपुर), हवलदार जीतलाल नायक (आइआरबी-5 गुमला), हवलदार रवींद्र कुमार सिंह (आइआरबी-5 गुमला), सिपाही सचिन सुब्बा (झारखंड जगुआर) व सिपाही राजू सिंह क्षेत्री (झारखंड जगुआर)।

### 26 जनवरी 2024 को घोषित

होमकर अमोल वीनुकांत (आइजी अभियान), परवेज आलम (डीएसपी एसीबी), एएसआइ एतवा उरांव (झारखंड जगुआर), हवलदार जीवन ज्योतिष तिर्की (झारखंड जगुआर), हवलदार संतोष कुमार (झारखंड जगुआर), एएसआइ भीमलाल महतो (जेएपीटीसी, पदमा), एएसआइ तारामणी टेटे (गढ़वा)।हवलदार चक्रधर कुमार महतो (जैप-10, होटवार), हवलदार सिलवेस्टर केरकेट्टा (जैप-2), महिला सिपाही कविता विवेक (जैप-10 होटवार), हवलदार राम बहादुर (जैप-1) व हवलदार अनिल दास (गुमला)।

# हेमंत सोरेन का बड़ा ऐलान! झारखंड की महिलाओं और युवाओं के लिए खुशखबरी



संवाददाता- दुमका:- डेलीखबर 99

**दुमका:** गणतंत्र दिवस पर झारखंड की उपराजधानी दुमका के पुलिस लाइन मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झंडोत्तोलन किया। उन्होंने मार्च पास्ट की सलामी ली। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को संबोधित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में झारखंड में विधान सभा के चुनाव सम्पन्न हुए हैं। यह चुनाव कई मायनों में ऐतिहासिक रहा। झारखण्ड के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब किसी सत्ताधारी दल ने लगातार दूसरी बार सत्ता में वापसी की है, वह भी दो तिहाई बहुमत के प्रचंड जन-समर्थन के साथ।

## जेएसएससी के माध्यसम से 46 हजार पदों के लिए नियुक्तियां

हेमंत सोरेन ने कहा कि महिला सशक्तीकरण राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता रही है। आज से लगभग पांचमहीने पहले हमारी सरकार ने झारखण्ड की बहनों-दीदियों की आर्थिक स्वतंत्रता और गरिमा सुनिश्चित करने के व्यापक उद्देश्य से मंईयां सम्मान योजना के रूप में एक क्रांतिकारी योजना की शुरूआत की थी। क्रांतिकारी इसलिए, क्योंकि झारखण्ड की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि और ग्रामीण परिवेश में यह योजना व्यापक बदलाव लाने का सामर्थ्य रखती है। प्रारम्भ में, इस योजना के तहत् 18-50 वर्ष उम्र तक की सभी बहनों, दीदियों को प्रतिमाह 1000 रुपये की सम्मान राशि उनके बैंक खाते में उपलब्ध कराने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया था। अब 1000 रुपये की सम्मान राशि को बढ़ाकर 2500 रुपये करने का वादा अपनी दीदियों से किया था। पांच महीने के अंदर ही सम्मान राशि को बढ़ाकर 2500 रुपये कर दिया है। झारखण्ड के समग्र विकास के लिए मंईयां सम्मान योजना अत्यंत प्रभावकारी साबित हो रही है और वर्तमान में लगभग 56 लाख महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं। राज्य में नियुक्ति की प्रक्रिया को तीव्र करते हुए विभिन्न कोटि के लगभग 48 हजार पदों पर नियुक्ति के लिए अधियाचना झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग को भेज दी गई है, जिसमें से 46 हजार पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया जा चुका है। इनमें से 5 हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है तथा 28 हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति की कार्रवाई अंतिम चरण में है। झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा 11वीं-13वीं सिविल सेवा परीक्षा की प्रक्रिया भी अंतिम चरणों में है, जल्द ही 342 पदों पर नियुक्ति हेतु परीक्षाफल प्रकाशित किये जायेंगे। हमारी सरकार यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि नियुक्तियों में झारखण्ड के लोगों को उनका उचित हक मिले। हेमंत सोरेन ने कहा कि जो युवा स्वरोजगार करना चाहते हैं उन्हें आर्थिक मद्द उपलब्ध करायी जा रही है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के माध्यम से स्वयं का रोजगार शुरू करने के लिए अनुदानित दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

डेली खबर 99

# समस्त देशवासियों की गणतंत्र दिवस की हार्दिक सुभकामनाये

26 जनवरी
गणतंत्र दिवस



## मनोज कुमार यादव

**विधायक, बरही विधानसभा,हजारीबाग**





## रामस्वरूप पासवान

**हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाती विभाग**



## राजेन्द्र चंद्रवंशी


**मण्डल अध्यक्ष बीजेपी,चौपारण**





## संतोष पासवान

**ताजपुर पं सह संयोजक बीजेपी**




डेली खबर 99

# समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक सुभकामनाये









**उमाशंकर अकेला यादव**
पूर्व विधायक, बरही विधानसभा

**रविशंकर अकेला यादव**
जिला परिषद भाग -2
चौपारण, हजारीबाग



**प्रीति गुप्ता**
कांग्रेस महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष



**अभिमन्यु भगत**
मुखिया प्रतिनिधि , ताजपुर पंचायत



**रेवाली पासवान**
समाजसेवी ,चौपारण

डेली खबर 99

# समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक सुभकामनाये








**नितेश भास्कर**
प्रखंड विकास पदधिकारी,
चौपारण



**संजय यादव**
अंचलधिकारी सह प्रभारी
सीडीआपो, चौपारण



**केदार नाथ राम**
सेवानिवृत पुलिस
उपाधीछक, चतरा



**अनुपम प्रकाश**
थाना प्रभारी , चौपारण



**राकेश रंजन**
जिला परिषद सदस्य भाग
01 चौपारण , हजारीबाग



**रामस्वरूप पासवान**
हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष
भाजपा अनुसूचित जाती विभाग



**डॉ. भुनेश्वर गोप**
प्रभारी , चिकित्सा पदाधिकारी
सामुदायिक स्वास्थय केंद्र , चौपारण



**राकेश सिंह**
बी ई ई ओ, प्रखंड चौपारण



**इमरान खान**
डायरेक्टर, द्रिस्टी आई
हॉस्पिटल, ताजपुर, चौपारण



**रीना पाण्डेय**
प्राचार्य, सुरेख प्रकाश भाई
पब्लिक स्कूल



**दयानंद सिंह**
प्रधानाध्यापक, अमोली अपूर्वा
उच्च विदालय, मानगढ़




**संतोष पूरी**
प्रधानाध्यापक, अमोली अपूर्वा
उच्च विदालय, मानगढ़



**दलीप चंद्रवंशी**
भू-मापक प्रशिछक,
इटखोरी



**उत्तम कुमार**
प्राचार्य
केबीएसएस, चौपारण



**संध मित्रा**
वार्डन ,के जी बी बी,मानगढ़



**मोनू भगत**
भगत सफलायर ईट बालू छरी
के थोक विक्रेता , चौपारण

डेली खबर 99

# समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक सुभकामनाये



26 जनवरी
गणतंत्र दिवस



**कृष्ण कुमार वर्मा**
प्रधानाध्यापक ,प्राथमिक विद्यालय ,बहेरा



**विनय रजक**
सहायक शिक्षक, टोईया



**अंचल कुमारी**
प्रधानाध्यापिका,बुनियादी विद्यालय ठूठी



**कैलाश दांगी**
प्रधानाध्यापक आदर्श मध्य विधालय,मानगढ़



**मुकुंद हंस**
कृषि पदाधिकारी चौपारण



**कैलाश पासवान**
पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सेलहरा



**मो शारिक अख्तर उर्फ भून्नू बाबू**
वरिष्ठ कांग्रेसी,चौपारण



**कमलेश कुमार सिंह**
वनों के प्रक्षेत्र पदाधिकारी,चौपारण



**पूजा कुमारी**
मुखिया बहेरा पंचायत




समस्त देशवासियों को गणतंत्र
दिवस की हार्दिक सुभकामनाये
डेली खबर 99
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
मुखिया संघ चौपारण
गुलाबी यादव
मुखिया, चैथी
जानकी यादव
मुखीया,पंचायत यवनपुर
अभिमन्यु भगत
मुखिया प्रतिनिधि ,चौपारण
विनोद सिंह
मुखिया प्रतिनिधि ,चौपारण
कृष्णा रविदास
मुखीया,पंचायत भगहर
पप्पू रजक
मुखीया,पंचायत पडरिया
गंदौरी दांगी
मुखीया , पंचायत दादपुर
नागेंद्र कुशवाहा
मुखीया प्रतिनिधि,पं. दैहर
पिंकी सिंह
मुखीया, पंचायत चौपारण
रेखा देवी
मुखीया, पंचायत पाण्डेयबारा
मंजू देवी
मुखीया, पंचायत बसरिया
उषा देवी
मुखीया, पंचायत ताजपुर
ब्रह्देव भुईयां
मुखिया,पंचायत दैहर
सुनीता देवी
मुखीया, पंचायत रामपुर
नजराना खातून
मुखीया, पंचायत चयकला
अनिता देवी
मुखिया , सेलहारा



डेली खबर 99

# समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक सुभकामनाये



गणतंत्र दिवस

26 जनवरी

हाथ बदलेगा हालात



## गुलाम अहमद मीर

झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी



## केशव महतो कमलेश

अध्यक्ष, झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी



## राजेश लिलोठिया

राष्ट्रीय चेयरमैन SC विभाग (AICC)



## केदार पासवान

झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष SC विभाग, कांग्रेस



## बैजू गहलौत

कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष, चौपारण कांग्रेस कमिटी



## डॉ. कुमार राजा

रांची महानगर जिलाध्यक्ष,कांग्रेस



## सुरेश कुमार बैठा

विधायक, कांके विधानसभा , रांची



## शैलेन्द्र यादव

हजारीबाग जिला अध्यक्ष, कांग्रेस



## निसार खान

कांग्रेस नेता , हजारीबाग



## दीपक गुप्ता

जिला अध्यक्ष OBC विभाग , कांग्रेस , हजार बाग



## कार्तिक पासवान

प्रखंड अध्यक्ष SC विभाग , कांग्रेस, बरही


76th
गणतंत्र दिवस
की आप सभी देशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !
प्रदीप प्रसाद
विधायक( हजारीबाग)
/pradipprasadofficial
/prasadpradipofc
/pradipprasadofficial

# विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग

## 76वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

VBU, Hazaribag

26 January Republic Day

विनोबा भावे विश्वविद्यालय पिछले तीन दशकों से शिक्षा की मशाल जलाते हुए शिक्षा जगत् में नए कीर्तिमान स्थापित करने में सफल रहा हैं।

कला, विज्ञान, भाषा विज्ञान, संस्कृति, परंपरा में बिखरे हुए ज्ञान के प्रत्येक बिन्दु को महासिंधु बनाने की ओर अग्रसर।



सबका साथ, सबका विकास के कथन को चरितार्थ करते हुए 76 वां गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर पूरे प्रदेशवासिंयो को हार्दिक शुभकामनाएं एवं अभिंनदन।

HAPPY REPUBLIC DAY



**प्रो. (डॉ.) पवन कुमार पोद्दार कुलपति**

विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग


समस्त हजारीबाग लोकसभा
एवं देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं!
मनीष जायसवाल
सांसद, हजारीबाग लोकसभा

# JHARKHAND DHAM MOTORS

## TATA AUTHORIZED SERVICE STATION

## Rasoiya Dhamna, Barhi Near Toll Plaza




## Facilities

**Tata Genuine Parts 24/7**
**24/7 Service (Mech.)**
**24/7 DEF Available**
**Help Line- 8825207126**
**Ravi Kumar - ( W/S Incharge)**











आप सभी को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
वंदे मातरम्
जनवरी
गणतंत्र दिवस
अरुण साहू
(पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी,बरही विधानसभा)


गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
बैजू गहलौत
(कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष, चौपारण कांग्रेस कमिटी)


दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश कुमार सिंह
(समाज सेवी),चौपारण)

Session - 2025-26

# GYAN KUNJ INTERNATIONAL SCHOOL

(Manged By :- Gyan Kunj Society for Education & Welfare)

**Based on CBSE Curriculm & New Education Policy 2020**

**Mobile No :- 8271977344, 7369877345, 9162797811**

**LEARN TODAY LEAD TOMORROW...**




Admission in Class :
Nursery, LKG, UKG & STD - I to V

Email : gyankunjschool@gmail.com

**Add :- Ranik More, Chouparan, Hazaribagh Jharkhand - 825406**